बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम,

(बिहार सरकार का उपक्रम)

कौटिल्य नगर, पटना–800014.

ई0 सपलेश्वर मंडल
मुख्य अभियन्ता

मोबाईल नं0 : 9471006801

पत्र संख्या : .... / दिनांक :– ....2024.

कार्यालय आदेश 13/2024

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम (BPBCC) के NIT No- 20/2022-23 के ग्रुप सं0–01 द्वारा औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर में अनुमंडलीय अग्निशाम भवन का विधुतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए निविदा का आमंत्रण किया गया था जिसमें **प्रिय रंजन सिंह** द्वारा भाग लिया गया था।

2. NIT के कंडिका '41' पर वर्णित शर्त के अनुसार निविदाकार **प्रिय रंजन सिंह** द्वारा तकनीकी निविदा के साथ शपथ पत्र संलग्न किया गया था, जिसमें निविदा के साथ संलग्न कागजातों की सत्यता के संबंध में निम्न घोषणा की गई थी।

   (i) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण पत्र/कागजात/विवरणी सत्य है।

   (ii) गलत सूचना देने का दोषी पाए जाने अथवा कोई अभिलेख असत्य, नकली या जाली पाए जाने पर सक्षम प्राधिकार मेरे उपर विधि सम्मत दंड, मेरे निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा।

3. निविदा से संबंधित SBD Section-1 ITB के कंडिका 33.1 में भ्रष्ट एवं कपटपूर्ण तरीके से निविदा प्राप्त करने के प्रयास के लिए निम्न रूप से दण्ड का प्रावधान किया गया है।

   " If the Bidder is found guilty for corrupt & fraudulent practice in competing the Tender, the employer will declare the firm ineligible either indefinitely or for a stated period of Time."

4. निविदा निस्तार के क्रम में सत्यापन कराने पर निविदाकार **प्रिय रंजन सिंह** द्वारा तकनीकी बीड के साथ संलग्न किया गया अनुभव प्रमाण पत्र जाली पाया गया।

5. निविदा के साथ जाली अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने के आरोप में उपर्युक्त कंडिका 2 (i) एवं (ii) के अनुसार निविदाकार **प्रिय रंजन सिंह** के विरूद्ध हवाई अड्डा थाना, पटना में प्राथमिकी दर्ज कराया जा चुका है।

6. निविदाकार **प्रिय रंजन सिंह** द्वारा भ्रष्ट एवं कपटपूर्ण तरीके से निविदा प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। अतः उपर्युक्त कंडिका 2 (i) एवं (ii) एवं '3' में वर्णित SBD के प्रावधान के आलोक में **प्रिय रंजन सिंह** को 05 (पाँच) वर्षों के लिए आगामी सभी निविदाओं में भाग लेने से वंचित/कालीकृत किया जाता है।

ह0/–
मुख्य अभियन्ता
बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम
मुख्यालय, पटना

ज्ञापांक– ..../,   दिनांक–......................2024

प्रतिलिपिः–श्री प्रियरंजन सिंह, पता–ग्राम–आदलपुर, थाना–वैशाली (बिहार) पिन–444102 आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

मुख्य अभियन्ता

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

ज्ञापांक–.....1Ø 1361.....   दिनांक.....25/4/24

प्रतिलिपिः– श्री जितेन्द्र गिरी, निजी सहायक को सूचनार्थ एवं निगम के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.4.24

मुख्य अभियन्ता

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम